## न्यायालय जिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट, श्रीगंगानगर

विविध **बैंक प्रकरण संख्या 13/2024**(GCMS : **2024/28**)

**पंजाब नेशनल बैंक** जरिये प्राधिकृत अधिकारी/मुख्य प्रबन्धक श्री ओम प्रकाश कासनिया, शाखा –गौशाल रोड़, श्रीगंगानगर (राज.)

**बनाम**

**लाल चंद बशेर** पुत्र श्री राम प्रताप बशेर (i) मकान नं. 155, बी–ब्लॉक, वार्ड नं. 28, श्रीगंगानगर (ii) मकान नं. सी–18, अम्बिका सिटी, पदमपुर रोड़, श्रीगंगानगर (राज.), (iii) डी.आई.सी., श्रीगंगानगर पुलिस लाईन के सामने, श्रीगंगानगर एवं (iv)वीपीओ बर बिराना, तहसील नोहर, जिला हनुमानगढ़ (राज..)

**18.03.2024**

**पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी** बैंक/कम्पनी के अधिवक्ता श्री भरत भूषण महेन्द्रा उपस्थित हुए। प्रार्थी के अधिवक्ता की बहस सुनी गई। पत्रावली का अवलोकन किया गया।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

**प्रार्थी बैंक/कम्पनी के अधिवक्ता का कथन था** कि प्रार्थी द्वारा एक प्रार्थना पत्र वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 के अन्तर्गत दिनांक 28.02.2024 को प्रस्तुत किया था कि प्रार्थी बैंक द्वारा **अप्रार्थी लाल चंद बशेर** को ऋण सुविधा के रूप में कुल 10.00/–रूपये (अखरे रूपये दस लाख मात्र) का ऋण दिनांक 06.02.2020 को स्वीकृत किया था। ऋण की सुरक्षा की एवज में अप्रार्थी लाल चंद बशेर की सम्पत्ति Makers Name : TATA MOTORS LTD, Model Name : Harrier XT 2.0L Kryotec BS-IV, Registration No. RJ 13 CD 1405, Model Year 2020, Engine No. 46336890-4057721, Chassis No. MAT631114KPP65294, को प्रार्थी बैंक/कम्पनी के पास बंधक रखा। उनका आगे कथन है कि अप्रार्थी द्वारा ऋण की शर्तो के अनुसार नियमित रूप से ऋण का भुगतान नही किया गया है जिस कारण उनका ऋण खाता दिनांक 05.06.2021 को अनर्जक परिसम्पत्ति(एन.पी.ए.) के रूप में घोषित कर दिया गया है। अप्रार्थी ऋणी के नाम दिनांक 30.09.2023 को 7,42,257/– रूपये ऋण राशि व इसके पश्चात के ब्याज व अन्य खर्चे अतिरिक्त बकाया है जिस पर अप्रार्थीगण को धारा 13(2)के अन्तर्गत 60 दिवस का नोटिस दिनांक 16.10.2023 को उक्त बकाया राशि जमा करवाने के लिए जारी किया गया। उक्त धारा 13(2) के 60 दिवस के

Signature Not Verified
Digitally signed by Lok Bandhu
Date: 2024.04.29 17:16:49 IST
Reason: SelfAttested

जिला मजिस्ट्रेट
श्री गंगानगर

नोटिस अप्रार्थी को रजिस्टर्ड डाक से दिनांक 17.10.2023 से भिजवाये गये है। जिसकी पावती के ऑनलाईन ट्रेक पत्रावली में उपलब्ध है। जिसके अनुसार अप्रार्थीगण को धारा 13(2) का नोटिस प्राप्त हो चुका है, **इसके बावजूद भी अप्रार्थी ऋणी द्वारा बैंक की उक्त बकाया राशि जमा नही करवाई गई है।** इसलिए अप्रार्थी ऋणी **लाल चंद बशेर द्वारा सुरक्षा की एवज में प्रार्थी बैंक के पास दृष्टि बंधक** रखी गई सम्पत्ति Makers Name : TATA MOTORS LTD, Model Name : Harrier XT 2.0L Kryotec BS-IV, Registration No. RJ 13 CD 1405, Model Year 2020, Engine No. 46336890-4057721, Chassis No. MAT631114KPP65294, का भौतिक कब्जा प्रार्थी बैंक को पुलिस की सहायता से दिलाया जावे।

**मैने, प्रार्थी बैंक/कम्पनी के अभिभाषक के उक्त तर्को** पर मनन किया एवं पत्रावली में उपलब्ध उनके प्रार्थना पत्र धारा 14, शपथ पत्र एवं अन्य उपलब्ध दस्तावेजात का भी अवलोकन किया तो पाया कि उक्त प्रार्थना पत्र के अनुसार प्रार्थी बैंक/कम्पनी ने **अप्रार्थी लाल चंद बशेर को** 10.00/– रूपये (अखरे रूपये दस लाख मात्र) का ऋण राशि की स्वीकृति **प्रदान की थी।** ऋण की सुरक्षा की एवज में अप्रार्थी लाल चंद बशेर ने अपनी सम्पत्ति Makers Name : TATA MOTORS LTD, Model Name: Harrier XT 2.0L Kryotec BS-IV, Registration No. RJ 13 CD 1405, Model Year 2020, Engine No. 46336890-4057721, Chassis No. MAT631114KPP65294, प्रार्थी बैंक के पास रहन रखी। प्रार्थी बैंक के प्रार्थना धारा 14 एवं उसके समर्थन में प्रस्तुत दस्तावेजात एवं शपथ पत्र के अनुसार अप्रार्थी ऋणी का खाता दिनांक 05.06.2021 **को अनर्जक परिसम्पत्ति (एन.पी.ए.)** हो गया, बैंक द्वारा अप्रार्थी ऋणी को धारा **13(2) के नोटिस दिनांक 16.10.2023** को जारी कर पोस्ट ऑफिस के रजिस्टर्ड डाक से दिनांक 17.10.2023 को भिजवाने की रसीद पत्रावली में उपलब्ध है। अप्रार्थी के धारा 13(2) के नोटिस प्राप्ति के परिणामस्वरूप पोस्ट ऑफिस के ऑनलाईन ट्रेक पत्रावली में उपलब्ध **है, जिसके अनुसार अप्रार्थीगण को धारा 13(2) का नोटिस प्राप्त हो गया है।**

Signature Not Verified
Digitally signed by Lok Bandhu
Date: 2024.04.29 17:16:49 IST
Reason: SelfAttested

जिला मजिस्ट्रेट
श्री गंगानगर

**वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 के अन्तर्गत प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई करने के लिए विवादग्रस्त सम्पत्ति जिसका भौतिक कब्जा चाहा जा रहा है वह सम्बन्धित जिला मजिस्ट्रेट के क्षेत्राधिकार में होना आवश्यक है और दूसरा सम्बन्धित ऋणियों पर धारा 13(2) के नोटिस की तामील ऋणियों/जमानतदारों पर विधिवत् रूप से होनी आवश्यक है।**

**जहां तक ऋण की एवज** में बंधक रखी गई अप्रार्थी लाल चंद बशेर की सम्पत्ति Makers Name : TATA MOTORS LTD, Model Name : Harrier XT 2.0L Kryotec BS-IV, Registration No. RJ 13 CD 1405, Model Year 2020, Engine No. 46336890-4057721, Chassis No. MAT631114KPP65294, जो प्रार्थी बैंक के पास बंधक रखी हुई है, का संबध है, वह निम्न हस्ताक्षरकर्ता के क्षेत्राधिकार जिला श्रीगंगानगर में स्थित है। इसलिए वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 के तहत निम्न हस्ताक्षरकर्त्ता कार्रवाई करने के लिए सक्षम है।

**जहां तक अप्रार्थी ऋणी पर धारा 13(2) के जारी** नोटिस 16.10.2023 की तामील का प्रश्न है। प्रार्थना पत्र के अनुसार दिनांक 16.10.2023 को 60 दिवस में राशि जमा करवाने का धारा 13(2) के नोटिस अ**प्रार्थी को रजिस्टर्ड डाक से दिनांक 17.10.2023 को भिजवाये गये है, जिसकी रसीद पत्रावली में उपलब्ध है तथा धारा 13(2) के नोटिस की प्राप्ति के परिणामस्वरूप ऑनलाईन ट्रैक पत्रावली में उपलब्ध है, जिसके अनुसार अप्रार्थीगण को 13(2) के नोटिस की तामील** होना माना जाना उचित है। इसके बावजूद भी अप्रार्थी ने बैक की समस्त बकाया ऋण राशि जमा नही करवाई है **और न ही शपथ पत्र के अनुसार नोटिस पर कोई [illegible] अभ्यावेदन प्रस्तुत किया** है। इसलिए ऋण की सुरक्षा की एवज में ऋणी लाल चंद बशेर के द्वारा प्रार्थी बैंक/कम्पनी के पास बंधक रखी गई संपत्तियों का भौतिक कब्जा प्रार्थी बैंक/कम्पनी को दिलाया जाना उचित होगा।

Signature Not Verified
Digitally signed by Lok Bandhu
Date: 2024.04.29 17:16:49 IST
Reason: SelfAttested

जिला मजिस्ट्रेट
श्री गंगानगर

**अतः उक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी पंजाब नेशनल बैंक का उक्त प्रार्थना पत्र** वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत धारा 14 **स्वीकार किया जाता है** और अप्रार्थी ऋणी लाल चंद बशेर द्वारा प्रार्थी बैंक/कम्पनी से प्राप्त ऋण की सुरक्षा की एवज में बंधक रखी गई सम्पत्ति Makers Name : TATA MOTORS LTD, Model Name : Harrier XT 2.0L Kryotec BS-IV, Registration No. RJ 13 CD 1405, Model Year 2020, Engine No. 46336890-4057721, Chassis No. MAT631114KPP65294, **का भौतिक कब्जा जरिये पुलिस की सहायता से प्रार्थी बैंक/कम्पनी को दिलाये जाने के आदेश दिये जाते है।** इस आदेश की प्रति जिला पुलिस अधीक्षक श्रीगंगानगर को इस आदेश के साथ अग्रेषित की जाती है कि प्रार्थी बैंक को उक्त अचल सम्पत्ति का भौतिक कब्जा दिलाने हेतु उनके चाहे अनुसार, नियमानुसार पुलिस सहायता उपलब्ध करवाई जावें। आदेश की प्रति प्रार्थी बैंक/कम्पनी व जिला पुलिस अधीक्षक श्रीगंगानगर को पालनार्थ भिजवाई जावे। पत्रावली बाद तरतीब तक़मील दाख़िल दफ़्तर हो।

**यह आदेश आज दिनांक 18.03.2024 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।**

Lok

(लोक बंधु)

जिला मजिस्ट्रेट

श्री गंगानगर

Signature Not Verified

Digitally signed by Lok Bandhu
Date: 2024.04.29 17:16:49 IST
Reason: SelfAttested